दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 21-07-2025

# सीजे सिन्हा ने बिल्हा में सुविधाओं से लैस नए सिविल कोर्ट भवन का किया लोकार्पण

## कहा- न्यायिक अधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, लोगों को मिलेगा न्याय

**बिलासपुर** | हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने रविवार को बिल्हा तहसील में नवनिर्मित सिविल कोर्ट भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर हाईकोर्ट के जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी, जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।



सिविल कोर्ट भवन का लोकार्पण करते सीजे रमेश सिन्हा।

सीजे सिन्हा ने कहा कि मजबूत न्यायिक अधोसंरचना ही प्रभावी न्याय प्रणाली की नींव होती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आधारभूत न्यायिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इससे न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी। आम लोगों को सरल, सुलभ और निष्पक्ष न्याय मिलेगा। बिल्हा का नया सिविल कोर्ट भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें डिजिटल कोर्ट, वकीलों के लिए आधुनिक कक्ष, अस्पताल, एटीएम, प्रतीक्षालय, शिशु देखभाल कक्ष, अभियोजन कार्यालय और सुरक्षित बंदीगृह जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोकार्पण पर सीजे सिन्हा ने न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि वे आधुनिक तकनीक और सुविधाओं का उपयोग कर पक्षकारों को बेहतर वातावरण में गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र न्याय दें।